PRINT

# पंजाब केसरी (Punjab Kesri)

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 335610 |
| दिनांक (Dated): 30.6.25 | पृष्ठ सं. (Page No.) 4 | क्रम सं. (Serial No.) 15 |


## राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर चला मेगा मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ ने किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का परीक्षण के लिए 27-28 जून 2025 की रात को एक मेगा मॉक ड्रिल किया। इसमें आतंकवादी हमले और आईईडी विस्फोट जैसी घातक परिस्थितियों से निपटने अभ्यास किया गया। सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, एनएसजी और दिल्ली पुलिस सहित कई एजेंसियों के 594 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया। दिल्ली मेंट्रो में सीआईएसएफ का जोरदार मॉक ड्रिल हुआ। इस मेगा मॉक ड्रिल में सीआईएसएफ, एनडीआरएफ, एनएसजी डीएमआरसी, दिल्ली पुलिस, स्वात, आईबी, एनडीएमसी, डीएमआरपी, डीएसडी, फायर और मेडिकल सर्विसेज और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के 594 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। इस मेगा मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी एजेंसियां के समन्वय के साथ काम करना सीखना और लोगों को सुरक्षित रखने की तैयारी को और मजबूत करना था। बता दें कि इस अभ्यास में रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) हमले, आतंकी हमले, लोगों को बंधक बनाना और बम विस्फोट जैसे कई तरह की नकली स्थितियां बनाई गईं।